तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 13 मार्च 2026



12 सिर्फ एक रुपये के शगुन में हुई शादी, मिलनी...





12 87 शुगर मिल कर्मचारियों ने करवाई आंखों की जांच




## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े घर से जेवर ले गए चोर, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव तिगरी में चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। परिवार के लोग शाम को जब घर लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव तिगरी निवासी रजनी ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 मार्च को सुबह 10 बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। शाम को जब सात बजे वह घर वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने व चांदी के गहने गायब मिले।

### कुवि में 18 मार्च को लगेगा जॉब फेयर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 18 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे विवि के प्रांगण में जॉब फेयर करवाया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि इस रोजगार मेले में 10वी, 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई. व अन्य डिप्लोमा धारक भाग ले सकते हैं। मेले में आईसीआईसीआई बैंक, रमाया हैल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स लाइफ इन्सुरेंस, एसबीआई लाइफ इन्स्योरेन्स, भारत पे, ए यू बैंक, बंधन बैंक, इंडसइंड बैंक आदि कंपनी भाग ले रही हैं।

### शहीद उधम सिंह के शौर्य दिवस पर कार्यक्रम 20 को

**कुरुक्षेत्र।** शिरोमणि शहीद उधम सिंह कंबोज के शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में कंबोज धर्मशाला कुरुक्षेत्र में शुक्रवार 20 मार्च दिन दोपहर 2 बजे एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । कंबोज धर्मशाला के प्रधान सरदार बक्शीश सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में पहुंचकर शहीद शिरोमणि उधम सिंह कंबोज को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करें।

### चोरी के आरोपी से लाखों के जेवरात बरामद

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने थाना महेश नगर क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर रिमांड के दौरान उससे 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। इससे पहले भी आरोपी से चोरी के चार मामलों में लगभग 43 लाख रुपये के गहने बरामद किए जा चुके हैं। निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तकनीकी साधनों की मदद से आरोपी राहुल कुमार को सुभाष पार्क के पास से काबू किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी से अब तक चोरी के पांच मामलों में दो सोने के नेकलेस, दो जोड़ी टॉप्स और दो सोने की अंगूठियां सहित अन्य गहने बरामद किए जा चुके हैं।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बोले- वैश्विक संकट के नाम पर सरकार जनता पर डाल रही महंगाई का बोझ

# एलपीजी के बढ़े दामों पर रोष प्रदर्शन

**गुस्सा:** 500 रुपये में सिलेंडर का वादा पूरा करना तो दूर घरेलू सिलेंडर 60 और कमर्शियल 115 रुपये महंगा किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में आ रही किल्लत के विरोध में कांग्रेस ने अंबाला में जोरदार प्रदर्शन किया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में हरियाणा प्रदेश के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल और प्रफुल्ल गुडथे भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम जनता पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार वैश्विक संकट का हवाला देकर लगातार कीमतें बढ़ा रही है, जबकि गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी नाकाम रही है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन अब कीमतें आसमान छू रही हैं और आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है।



अंबाला। एलपीजी की कीमतों को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'महंगाई हटाओ' और 'एलपीजी सस्ता करो' जैसे नारे लगाए। कई जगहों पर चूल्हा जलाकर प्रतीकात्मक विरोध भी किया गया, ताकि रसोई गैस की किल्लत से आम लोगों की परेशानी को उजागर किया जा सके।

ढाबा और होटल संचालकों ने भी कमर्शियल सिलेंडर की कमी से कारोबार प्रभावित होने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि एलपीजी की कीमतें कम नहीं की गईं और आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में विधायक निर्मल सिंह, शैली चौधरी, पूजा चौधरी, पूर्व विधायक जसबीर सिंह मलौर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित कई नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## तरावड़ी में घरेलू गैस के लिए मारामारी एजेंसियों पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़

**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। शहर की दोनों गैस एजेंसियों अंबे गैस एजेंसी और कृष्णा गैस एजेंसी पर गैस लेने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही, जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस डिलीवरी का मैसेज आने के बाद भी एक-एक सप्ताह तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही। कई लोगों का आरोप है कि कुछ सिलेंडर इधर-उधर बेच दिए जाते हैं, जिसके कारण आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही। इसी कारण एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है और कई बार उपभोक्ताओं में कहासुनी की स्थिति भी बन जाती है। वहीं इस मामले में गैस एजेंसी संचालक राणा का कहना है कि गैस सिलेंडर की कोई बड़ी कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि इन दिनों विवाह-शादियों का सीजन होने के कारण गैस की मांग अचानक बढ़ गई है, जिसके चलते थोड़ी परेशानी जरूर आई है। उन्होंने बताया कि अब नए नियमों के अनुसार गैस सिलेंडर की अगली बुकिंग 25 दिन बाद ही की जा सकती है और उसी बुकिंग के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## कनाडा से 25 दिन बाद पहुंचा उधमप्रीत सिंह का पार्थिव शरीर, रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार

- 16 फरवरी को कनाडा के ब्रैम्पटन में सड़क हादसे में हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के 24 वर्षीय युवक उधमप्रीत सिंह की कनाडा में सड़क हादसे में मौत होने के बाद गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर भारत लाया गया और पूरे रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बेटे की असमय मौत से परिवार और पूरे इलाके में गहरा शोक छा गया। गुरुवार सुबह करीब छह बजे उधमप्रीत का पार्थिव शरीर दिल्ली एयरपोर्ट से यमुनानगर के छोटा मॉडल टाउन स्थित उनके घर पहुंचा। जैसे ही शव घर पहुंचा, पूरे परिवार में मातम छा गया। माता-पिता अपने इकलौते बेटे के शव से लिपटकर बिलख पड़े। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद रिश्तेदारों और पड़ोसियों की आंखें भी नम हो गईं। सुबह करीब 11 बजे पार्थिव शरीर को यमुना घाट सिटी सेंटर स्थित श्मशान घाट ले जाया गया। यहां अरदास के बाद पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उधमप्रीत को उनके चचेरे भाई अमनजोत सिंह ने मुखाग्नि दी। अमनजोत भी कनाडा में ही रहता है और दोनों चचेरे भाई वहीं आसपास रहते थे। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग श्मशान घाट पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। जानकारी के अनुसार उधमप्रीत सिंह वर्ष 2021 में स्टडी वीजा पर कनाडा गया था और ब्रैम्पटन में रहकर पढ़ाई के साथ काम भी कर रहा था। 26 फरवरी को वह अपने दोस्त के साथ कार से टोरंटो घूमने जा रहा था, तभी रास्ते में सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में उधमप्रीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उधमप्रीत अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता गुरविंद्र सिंह शहर में सिंह कलर लैब के नाम से फोटोग्राफी का काम करते हैं। बेटे के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्होंने जमीन बेचकर और कर्ज लेकर उसे उच्च शिक्षा के लिए कनाडा भेजा था, लेकिन उसका शव ताबूत में इंडिया पहुंचा।



यमुनानगर। उधमप्रीत सिंह के अंतिम संस्कार में अरदास करते परिजन व अन्य।

## ट्राले की टक्कर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्राले की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उत्तमवाला निवासी शुभम ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मां 48 वर्षीय गुरमीत कौर 11 मार्च को किसी काम से जा रही थी। जब वह गांव सुल्तानपुर के पास पहुंची तो तेज गति से आ रहे ट्राले ने उसकी मां को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल गुरमीत कौर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## ओवरलोडेड वाहनों पर प्रशासन ने की सख्ती 35 के चालान काटकर एक को किया सीज

- ओवरलोडेड वाहनों पर लगाया 17.14 लाख रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

ओवरलोडेड वाहनों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उपमंडल रादौर प्रशासन द्वारा ओवरलोडेड 35 वाहनों के चालान किए हैं। जिसमें एक वाहन को सीज किया गया है। प्रशासन द्वारा ओवरलोडेड वाहनों पर 17.14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

रादौर एसडीएम नरेंद्र कुमार ने बताया कि उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में उपमंडल प्रशासन अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ नियमित रूप से कड़ी कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी चौक, जठलाना और गुमथला में तीन नाके स्थापित किए गए हैं। जहां नाका टीम द्वारा चौबीसों घंटे वाहनों की जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त अवैध खनन स्थलों की जांच और ओवरलोड वाहनों का चालान करने के लिए दो मोबाइल टीमें भी दिन रात गश्त कर रही हैं।



यमुनानगर। रादौर क्षेत्र में ओवरलोडेड वाहनों की जांच करते हुए एसडीएम नरेंद्र कुमार व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने बताया कि गत 20 दिनों में उपमंडल के विभिन्न नाकों एवं मोबाइल टीमों द्वारा ओवरलोड वाहनों पर 35 चालान किए गए हैं। जिन पर 17 लाख 14 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है और एक वाहन पर फर्जी पंजीकरण संख्या के संबंध में एफआईआर दर्ज कर वाहन सीज किया गया तथा एक अवैध खनन के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि दो खनन स्थलों बी12 और बी15 की भी स्टॉक उपलब्धता, सीमांकन, वार्षिक उत्पादन के मुकाबले ई रवाना की स्थिति आदि की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि उपमंडल में यमुना नदी के तट पर किसी प्रकार की अवैध खनन की गतिविधियां न हो इसे लेकर सिंचाई विभाग, पंचायतों व मोबाइल टीमों द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। प्रशासन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने में पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

## पंचायती पेड़ों की अवैध कटाई: सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष समेत दो पर केस

**पानीपत।** गांव इसराना में पंचायती जमीन पर खड़े कीकर व शीशम के पेड़ों की अवैध कटाई कराने के आरोप में पुलिस ने सरपंच ग्राम पंचायत इसराना व जिला सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश जागलान उर्फ लाकड़पाड़ तथा ठेकेदार जितेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा की शिकायत पर थाना इसराना में केस दर्ज हुआ। आरोप है कि पंचायत ने हाल ही में करीब 1.25 करोड़ रुपये के पेड़ों की बोली की थी, लेकिन इसके साथ ही गांव कारद के पास रजबाहे के किनारे खड़े सैकड़ों पेड़ भी गुपचुप तरीके से काटे जा रहे थे। थाना प्रभारी महीपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### स्नेचिंग के दो केसों का खुलासा

**पानीपत।** सीआईए-2 पुलिस टीम ने सर्कस ग्राउंड के पास गंदा नाला पटरी पर युवक गुलफाम से मारपीट कर अपाचे बाइक छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ नेपाली पुत्र राम कुमार निवासी धमीजा कॉलोनी हाल भोला चौक, नूरवाला तथा विशाल उर्फ जमुरा पुत्र बीनू निवासी जसाला जिला शामली (यूपी) हाल गीता कॉलोनी, नूरवाला के रूप में हुई है। सीआईए-2 प्रभारी विरेंद्र ने बताया कि मामले में थाना तहसील कैंप में केस दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने 27 फरवरी को अमर भवन चौक स्थित परचून दुकान में महेंद्र सिंह से मारपीट कर नगदी लूटने की वारदात भी कबूली है।

## केयू में इंडो-पैसिफिक स्टडीज को बढ़ावा, एनएमएफ से हुआ करार

### समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकोनॉमी व इंडो-पैसिफिक रिसर्च पर संयुक्त अध्ययन से छात्रों को मिलेंगे नए अवसर

- एमओयू से छात्रों के लिए खुलेंगे वैश्विक संभावनाओं के द्वार : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्र में गुरुवार को एक और अहम उपलब्धि जुड़ गई। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंडो-पैसिफिक स्टडीज और नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित संस्था नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ) के बीच समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकोनॉमी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर अकादमिक सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार लेफ्टिनेंट (डॉ.) वीरेंद्र पाल और एनएमएफ की ओर से डायरेक्टर जनरल वाइस एडमिरल प्रदीप चौहान ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने की, जो इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।



कुलगुरु प्रो. सोम्नाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सामरिक, आर्थिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि छात्रों को वैश्विक चुनौतियों और रणनीतिक विमर्श से जोड़ना समय की आवश्यकता है। एनएमएफ जैसी प्रतिष्ठित संस्था के साथ यह समझौता विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

उन्होंने बताया कि इस सहयोग के तहत विद्यार्थियों को समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकोनॉमी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों के साथ संवाद, संयुक्त शोध परियोजनाओं और ज्ञान के आदान-प्रदान के अवसर मिलेंगे। यह पहल विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम होगी। वाइस एडमिरल प्रदीप चौहान ने कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आज वैश्विक रणनीति और समुद्री सुरक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

ऐसे में विश्वविद्यालयों और थिंक-टैंकों के बीच सहयोग जरूरी है, ताकि शोध और नीति निर्माण के बीच मजबूत कड़ी बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ यह साझेदारी अकादमिक विमर्श को और मजबूती देगी।

इस अवसर पर एनएमएफ की ओर से कॉमोडोर जय बेदी, कैप्टन योगेंद्र प्रकाश शर्मा, कॉमोडोर मनीष सिन्हा, कैप्टन रणेंद्र सिंह सावन, कैप्टन भारत दीप गौर, कैप्टन के.एस. विक्रमादित्य, मुस्कान राय, चिताली कोहली, रश्मि यादव और जॉन जे. वचापरम्बिल मौजूद रहे। वहीं विश्वविद्यालय की ओर से डीन, प्रोफेसर और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मान

## कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ देश के 40 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में शामिल

दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया सम्मानित


हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे करनाल के शिक्षाविद कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। दून इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक बाठ का चयन देश के 40 सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में किया गया है। उन्हें नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रतिष्ठित 'श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान' प्रदान कर सम्मानित किया।

बताया गया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया में देशभर से 36,770 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनमें से शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले केवल 40 शिक्षकों का चयन किया गया। सम्मान समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश के करोड़ों शिक्षकों में से इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना जाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसे शिक्षकों पर पूरे देश को गर्व है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उनके विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षक समुदाय और करनाल के नागरिकों का है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा मूल्य आधारित व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कार्य करते रहेंगे। यह सम्मान हरियाणा के लिए भी गौरव की बात है, क्योंकि बाठ लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सामाजिक सेवा के कार्यों से जुड़े रहे हैं।

### कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ की प्रमुख उपलब्धियां



- ▸▸ झुग्गी-झोपड़ियों में बांस की कक्षाएं बनाकर गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, पुस्तकें व पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई।
- ▸▸ करनाल जेल में बंद कैदियों के बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था शुरू करवाई, जिसे हरियाणा और देशभर में लागू किया गया।
- ▸▸ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा स्वामी विवेकानंद नेशनल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पुरस्कार से सम्मानित।
- ▸▸ "बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ" नारे को लिखने व प्रचारित करने में अहम भूमिका।
- ▸▸ जियो गीता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम तैयार करने में योगदान।
- ▸▸ 707 श्लोकों पर आधारित हस्तलिखित श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ का निर्माण करवाया, जो गीता स्थानम कुरुक्षेत्र में सुरक्षित है।
- ▸▸ शिक्षा का अधिकार, 134-ए और चिराग योजना के तहत बड़ी संख्या में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दिलवाई।
- ▸▸ करनाल को स्मार्ट सिटी बनाने और दिल्ली से करनाल तक रैपिड रेल परियोजना की मांग को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका।
- ▸▸ करनाल स्मार्ट सिटी विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपये की पुरस्कार राशि करनाल विकास के लिए दान की।
- ▸▸ दयाल सिंह कॉलेज करनाल के पूर्व छात्र, एल्युमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष और गवर्निंग बॉडी के सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान।
- ▸▸ महान शिक्षाविद दयाल सिंह मजिठिया के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंटरी फिल्म का निर्माण, जिसमें उनकी भूमिका स्वयं निभाई।

## इग्नू जून 2026 टर्म-एंड परीक्षा के लिए शुरू हुई फॉर्म भरने की प्रक्रिया

- 10 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क, 24 अप्रैल तक लेट फीस के साथ भरे जा सकेंगे फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए जून 2026 टर्म-एंड परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 1 जून 2026 से पेन-एंड-पेपर तथा कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा फॉर्म, प्रोजेक्ट सबमिशन और प्रैक्टिकल परीक्षा से संबंधित ऑनलाइन लिंक पहले ही खोल दिया गया है।

पात्र विद्यार्थी समर्थ प्लेटफॉर्म के स्टूडेंट पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों ने पहले से पोर्टल पर पंजीकरण किया है, वे लॉगिन कर सीधे फॉर्म भर सकते हैं, जबकि नए छात्रों को पहले न्यू रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अपना पंजीकरण करना होगा।


परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जिसे बिना विलंब शुल्क के भरा जा सकता है। इसके बाद 11 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक 1100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म जमा किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा फॉर्म की तिथि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

फॉर्म भरते समय विद्यार्थियों को परीक्षा मोड, कोर्स और परीक्षा केंद्र का चयन सावधानीपूर्वक करना होगा। प्रैक्टिकल और लैब कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों को परीक्षा स्थल और समय-सारिणी के लिए अपने क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क करना होगा।

विश्वविद्यालय ने यह भी बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से फॉर्म भरने के बाद परीक्षा केंद्र बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा और जमा की गई फीस किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी। विद्यार्थियों को दिसंबर 2025 के परिणाम देखने के बाद ही जून 2026 परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की सलाह दी गई है।

खबर संक्षेप

## लोगों की समस्याओं का शीघ्र करें समाधानः प्रीति



**यमुनानगर।** जिला उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए आदेश दिए। उपायुक्त प्रीति ने कार्यालय में पहुंचे लोगों के जमीन संबंधी मामलों, इंतकाल, राशन कार्ड बनवाने, स्कॉलरशिप संबंधी विषयों पर लोगों की शिकायतें सुनी। इसके अलावा उन्होंने रास्ते की समस्याओं, अप्रेंटिस से संबंधित मामले, पीपी आईडी, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कॉलोनी दिलवाने संबंधी एराशन कार्ड का डिपो बदलने बारे,पानी की निकासी के संबंध में तथा अवैध निर्माण को रोकने संबंधी समस्याओं को सुना। मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआईओ विनय गुलाटी आदि मौजूद रहे।

## पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव बांसेवाला में एक व्यक्ति ने पंचायती भूमि की जुताई कर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी श्याम लाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव बांसेवाला में पंचायती भूमि खाली पड़ी है। उसे सात मार्च को सूचना मिली थी कि गांव के ही किसी व्यक्ति ने पंचायती भूमि की जुताई कर उस पर पशुओं के लिए चारा की बुवाई कर दी है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पता चला कि गांव बांसेवाला निवासी तीरथ राम ने पंचायती भूमि की जुताई कर उस पर चारा बुवाई की है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## स्वच्छता को बढावा दें नारी शक्तिः डॉ अनुपम

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'नारी करे स्वच्छता की अगुआई' विषय पर आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत कचरा प्रबंधन पर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम पानीपत से हिमांशु बावा डिप्टी मैनेजर और सोनीपत से अजीत तिवारी डिप्टी मैनेजर ने अपने अनुभव से छात्राओं का मार्गदर्शन किया और स्वच्छ भारत मिशन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका को रेखांकित कर उनके ज्ञान में वृद्धि की।

## विश्व कल्याण व शांति को सद्भावना जरूरीः भट्ट

**पानीपत।** श्याम कमल भाजपा कार्यालय में सिवाह मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की जिला महामंत्री सुनील कंसल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। जबकि सिवाह मंडल अध्यक्ष प्रदीप ख़लीला ने सभी का स्वागत किया और मंडल प्रभारी अनीता चावला ने सभी का आभार व्यक्त किया बैठक को देव मलिक, समुद्र जागलान और सोमबीर सिंह ने भी संबोधित किया।

### चुनाव को लेकर उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों की हुई बैठक

# बार काउंसिल के चुनाव को लेकर जिले में बनाए चार मतदान केंद्र

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जयश्री ठाकुर चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के बार काउंसिल के 18 मार्च को होने वाले चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में बार काउंसिल के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर सभी विभागीय अधिकारियों को सही तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि न्यायमूर्ति जयश्री ठाकुर (सेवानिवृत्त) पूर्व न्यायधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को उक्त चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उक्त चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक तरीके से आयोजित करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त चुनावों को निष्पक्ष सम्पन्न करवाने हेतु डयूटी मैजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। मौके परएसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, नगराधीश पीयूष गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक कंवलजीत सिंह, डीआईओ विनय गुलाटी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में बार काउंसिल के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

### यमुनानगर व व्यासपुर में बनाए गए मतदान केंद्र

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि चुनाव के लिए जिला में चार मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें से तीन यमुनानगर में व एक व्यासपुर में बनाया गया है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि उक्त मतदान केन्द्र संबंधित क्षेत्रों में न्यायालय,बार काउंसिल की बिल्डिंग के लाइब्रेरी हॉल में स्थापित किए गए हैं। उक्त मतदान केन्द्रों की स्थापना विधानसभा आमचुनावों के दौरान स्थापित किए जाने वाले मतदान केन्द्रों के मानदण्डों अनुसार की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में बार कांउसिल के चुनाव शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न करवाने के लए जिला प्रशासन के सभी अधिकारी प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु एक पीठासीन अधिकारी, एक वैकल्पिक पीठासीन अधिकारी तथा दो पोलिंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

# किसानों को फसलों की उन्नत किस्मों पर करेंगे जागरूकः वीसी

- जिले में 23 व 24 को आयोजित होगा दो दिवसीय कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज.यमुनानगर



**यमुनानगर।** कृषि मेले की जानकारी प्रदान करते हकृवि के कुलपति बलदेव कंबोज।

किसानों की कृषि को बढ़ावा देने तथा खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से 23 व 24 मार्च को दो दिवसीय कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। इस मेले में हरियाणा के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों के किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यमी तथा विभिन्न विभागों और निजी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मार्गदर्शन में कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। कांबोज ने बताया कि कृषि मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम किस्मों, उन्नत कृषि तकनीकों, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है। मेले के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को धान, कपास, बाजरा, दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों और वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कृषि मेले में भाग लेकर खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकों, नई किस्मों तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करें और अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाएं। उन्होंने किसानों को बताया कि इस कृषि मेले में किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि मेले के दौरान वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश के किसानों को आधुनिक मशीनों के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# कक्षा में शिक्षकों का एक्टिव होना जरूरीः डॉ. कल्पना



- जनता पब्लिक स्कूल में हुआ इन हाउस प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में सीबीएसई की ओर से इनहाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रुप में डॉ. कल्पना ने भाग लिया।

मुख्य प्रशिक्षक डॉ. कल्पना ने शिक्षकों को बताया कि अध्यापकों को अपना विषय विद्यार्थियों को एक्टिव होकर पढ़ाना चाहिए। क्योंकि आज बच्चे कुछ नया जानने के लिए इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि आज सीबीएसई का कहना है कि शिक्षक को अपना विषय पढ़ाते समय एक्टिव रहना बेहद जरुरी है। शिक्षक जितना एक्टिव होकर अपना विषय पढ़ाता है उतना ही बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है। डॉ. कल्पना ने कहा कि बच्चों को शिक्षा प्यार से देनी चाहिए। शिविर में बच्चों को किस तरह आधुनिक तकनीक व मानसिक परेशानी से रहित शिक्षा देनी है। इसके बारे में अध्यापको को उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। मौके पर स्कूल के चेयरमैन मुकेश शास्त्री व प्रिंसिपल रूबी कांबोज आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 170 लोगों की हुई जांच




**रादौर।** कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण व कॉलेज के सदस्य।

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज की ओर से सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन एनएसएस प्रभारी, कॉलेज स्टाफ व सभी स्वयंसेवकों ने गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य ग्रामीण को निःशुल्क चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी देना और अधिक से अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करना था। स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवाइयां की सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद स्वराज देवी हॉस्पिटल रादौर से डॉ. वैशाली, डॉ. राकेश, डॉ. अल्केश व डॉ. रविंद्र की टीम गांव में पहुंची और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। जिसमें 170 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान एनएसएस स्वयं सेवकों तथा ग्रामीणों का आंखों की जांच, डायबिटीज शुगर की जांच, हीमोग्लोबिन एचबी टेस्ट व सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों ने लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनानेए संतुलित आहार लेने, साफ सफाई बनाए रखना व नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए जागरूक किया। शिविर के दौरान जरूरतमंदों लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गई व उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

# मेहनत और लगन से हासिल किया जा सकता है हर मुकाम : कंवरपाल

- यूपीएससी में मानसी गुप्ता ने हासिल किया 78वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** मानसी गुप्ता को बधाई देते पूर्व मंत्री कवंरपाल व अन्य।

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसमें कोई आशियोक्ति नहीं है। उन्होंने उक्त शब्द यूपीएससी के हालहि के परिणाम में 78वां रैंक प्राप्त करने वाली जिले के गांव जड़ौदा निवासी मानसी गुप्ता का अभिनंदन करने के दौरान कहे। उन्होंने मानसी गुप्ता के जड़ौदा स्थित घर पहुंचकर उन्हें और उनके परिजनों को बधाई दी।

पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मानसी गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यूपीएससी के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरवम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार एवं हरियाणा की नायब सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिसके लगातार सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भारत देश का भविष्य आज का युवा वर्ग है। यदि युवा वर्ग सही दिशा में आगे बढ़े तो भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन होगा। उन्होंने कहा कि मानसी गुप्ता जिले के अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उनके यूपीएससी के परिणाम में 78वां रैंक प्राप्त करने से जहां पूरे जिले में खुशी है। वहीं, यमुनानगर की छात्राएं मानसी गुप्ता से प्रेरणा लेकर अपना लक्ष्य हासिल कर सकती हैं। क्योंकि कोई भी कठिन से कठिन लक्ष्य मेहनत के बल पर प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर मानसी गुप्ता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और परिवार तथा अपने शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि यह सफलता उनके माता पिता द्वारा दिए गए संस्कारों और शिक्षा से मिली है।



**यमुनानगर।** कलश यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**यमुनानगर।** शहर के रामपुरा कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा आयोजन के उपलक्ष्य में वीरवार को कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर संपन्न हुई। कथा को लेकर मंदिर को खूब सजाया संवारा गया है। सुबह मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस पूजा अर्चना में कई दंपति श्रद्धालु शामिल हुए। पंडित जी ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना संपन्न करवाईं। इसके बाद कलश यात्रा आरंभ हुई। यात्रा में आगे श्रीमद्भागवत ग्रन्थ को लेकर श्रद्धालु चल रहे थे और फिर महिलाएं सर पर कलश रखकर चल रही थी। पीछे रथ पर आचार्य चैतन्य मृदुल जी महाराज सवार थे। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे। कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई खेड़ा मंदिर पहुंची। मौके पर सुनीता कालिया, रेणू शर्मा, प्रतिभा मिश्रा, सीमा ओबेरॉय, अलका मेहता, ज्योति, संगीता ओबराय, शकुंतला जोशी, कांता ओबराय, गुड्डी मग्गा, रिचा मग्गो, रजनी धीमान, किरण एवं हेमा मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# ग्रामीणों ने जल नल पर रक्षा सूत्र बांधकर ली जल बचाने की शपथ

- गांव जुब्बल में हुआ जल अर्पण दिवस व जल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जल नल पर रक्षा सूत्र बांधते सरपंच व अन्य।

जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से वीरवार को ग्राम पंचायत जुब्बल में जल अर्पण दिवस एवं जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जल नल पर रक्षा सूत्र बांधकर जल बचाने की शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनस्वास्थ्य विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने की। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गांव में जल चौपाल, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, जल शपथ और जनसंकल्प जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं। उन्होंने बताया कि जल अर्पण दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं की जिम्मेदारी औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत को सौंपना है। इससे जल जीवन मिशन के तहत बने बुनियादी ढांचे के दीर्घकालिक संचालन को सुनिश्चित किया जा सकेगा। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जल आपूर्ति को केवल सरकारी योजना तक सीमित न रखकर इसे सामुदायिक जिम्मेदारी बनाना है।

### अनाधिकृत कालोनियों पर हो त्वरित कार्रवाईः डीसी

**यमुनानगर।** जिले में अवैध कालोनियों पर प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई कर तोड़ा जा रहा है। इस संदर्भ में गुरुवार को भी व्यासपुर में साढ़ौरा रोड़ स्थित एक अनाधिकृत कालोनी पर प्रशासन की कार्रवाई से तुड़वया गया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया जिला उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कनिष्ठ अभियंता राहुल और तकनीकी सहायक व्यासपुर संजीव कुमार डयूटी मजिस्ट्रेट भी मौके पर उपस्थित थे। इस दौरान जिला नगर योजनाकारए यमुनानगर द्वारा एक अवैध कॉलोनी में जिसका क्षेत्रफल लगभग 1 एकड़ में बनी कच्ची सडकें, दो दुकानों की नीवें व प्लाटों की निशानदेही को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। भू-मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी पर तोड़ फोड़ की कार्यवाही की गई।



**यमुनानगर।** व्यासपुर में बनी अनाधिकृत कालोनी पर चलता पीला पंजा।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए छात्रों को अनुशासन व निरंतर परिश्रम करना जरूरीः जिंदल

- सिविल परीक्षा में 38वां रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी दीपांशु जिंदल रहे मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



**रादौर।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता को सम्मानित करते आयोजक।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं के प्रति प्रेरित करने व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 38 रैंक प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी दीपांशु जिंदल ने भाग लिया। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रुप में यमुनानगर की सहायक आयुक्त आईएएस सुश्री सुमन यादव व एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की। जिंदल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने, अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि आईएएस सुमन यादव ने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच के बारे में बताया। एसडीएम नरेंद्र कुमार ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उन्हें नशा से दूर रहकर शिक्षा और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए।

### महंगे गिफ्ट व कस्टम शुल्क पर ठगी का शिकार हो रहे लोग

# लोग पार्सल डिलीवरी स्कैम से रहें सावधानः गोयल

ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाओं के नाम पर आमजन ने गंवाए कई लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



**यमुनानगर।** साइबर ठगों से सावधान रहने का आह्वान करते एसपी कमलदीप गोयल।

डिजिटल युग में ऑनलाइन शॉपिंग और कूरियर सेवाओं के नाम पर साइबर ठग पार्सल डिलीवरी स्कैम करके लोगों को ठग रहे हैं। हाल ही में देशभर में पार्सल डिलीवरी स्कैम के कई मामले सामने आए हैं। जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को सतर्क रहने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि ऐसे स्कैम में ठग लालच और डर दोनों का इस्तेमाल करते हैं। वह कभी महंगे उपहार का लालच देकर तो कभी कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर पीड़ितों पर दबाव बनाते हैं। इस तरह की ठगी के कुछ स्पष्ट संकेत हैं। जैसे अनजान नंबर या ईमेल से गिफ्ट संदेश आना, ई वॉलेट से पेमेंट की मांग होना, निजी बैंक अकाउंट में पैसे डालने का दबाव, बिना रसीद के कंपनी,कस्टम के नाम पर पैसे मांगना आदि शामिल हैं। ऐसे मामलों में सबसे महत्वपूर्ण है सतर्क रहना। किसी भी अनजान कॉल, ईमेल या लिंक पर भरोसा न करें और भुगतान से पहले पूरी तरह पुष्टि करें। यदि वास्तव में कोई पार्सल विदेश से आया हों तो केवल अधिकृत वेबसाइट या कंपनी के कस्टमर केयर से ही संपर्क करें। व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार, पैन, बैंक अकाउंट नंबर या ओटीपी सांझा न करें। इसके अलावा मोबाइल और ईमेल खातों पर टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें और किसी भी दबाव में आकर तुरंत भुगतान करने से बचें। आधुनिक युग में साइबर ठग आमजन को पैसों का लालच देकर अपना शिकार बनाते है। क्रिप्टो व बिटकॉइन के नाम पर भी साइबर ठगी की शिकायतें हर साल काफी तेजी से बढ़ रही हैं। जिससे लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### साइबर ठगी का शिकार होने पर दर्ज कराएं शिकायत

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी कभी इसमें सोना, हीरे जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। इसके बाद कॉल, ईमेल या व्हाट्सएप संदेश भेजकर यह बताया जाता है कि पार्सल एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स या शुल्क चुकाना होगा। शुरुआत में मामूली रकम मांगी जाती है। लेकिन एक बार भुगतान करने के बाद लगातार नए नए चार्जेज की मांग शुरू हो जाती है। उ़होंने कहा कि यदि कोई नागरिक इस तरह के स्कैम का शिकार हो जाए तो तुरंत निकटतम थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिकता से करें शिकायतों का निपटारा

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। इस शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

### खाली पड़े चेयरमैन, मेंबरों के पदों को भरा जाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने सिरसला रोड पर स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा पिछड़ा वर्ग ओबीसी को अभी तक 27 प्रतिशत आरक्षण 16 प्लस 11, बीसी-ए बीसी-बी को प्रथम व द्वितीय क्लास की नौकारियां में और राजनीति में भी पिछड़ा वर्ग के चेयरमैन व मैंबर बोर्डों में खाली पड़े हैं और नौकारियों के भी बैकलॉग भी खाली पड़े हैं और नौकारियों का भी बैकलॉग भी खाली पड़े हैं।

### समारोह में पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

# कुरुक्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग की ग्रैंड ओपनिंग

### प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग (सीजन-1, नॉर्थ जोन) का ग्रैंड लॉन्च समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध क्रिकेट कमेंटेटर एवं पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आकाश चोपड़ा का समारोह में पधारने पर ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के चेयरमैन सोमनाथ गाबा, फाउंडर रवि कुमार गाबा, विजय कंबोज यमुनानगर व अभि शर्मा घरौंडा ने बुके भेंट कर स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग की ग्रैंड ओपनिंग की। उन्होंने क्रिकेट लीग का पोस्टर व टी शर्ट लॉंच की। आयोजक सोमनाथ गाबा ने बताया कि टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट फैडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त, टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट एसोसिएशन हरियाणा द्वारा आयोजित और अल्टीमेट इवेंट मेकर्स एलएलपी द्वारा आयोजित इस लीग का आयोजन 16 जून से 21 जून के बीच समाना बाहु (कुरुक्षेत्र) में एसपी क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। क्रिकेट लीग में 12 टीमें शामिल होगी। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होंगे जिनमें एक खिलाड़ी 35 वर्ष से उपर का भी होगा। ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के फाउंडर रवि कुमार गाबा ने बताया कि लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच मिलेगा तथा खेल के प्रति युवाओं में उत्साह को भी बढ़ावा मिलेगा। 15 अप्रैल से राजस्थान में सलेक्शन प्रकिया शुरू कर दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने क्रिकेट के खिलाड़ियों रोहित चंडीगढिंया, आशु यमुनानगर, अमन मांझी, डैनी मांडी व प्रिंस कंबोज को मोमेंटों देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विजय पांचाल, क्षितिज खुराना, रिंकू हथीरा, चेतन शर्मा, राजू हथीरा, अमित झांझ, वॉर्नर उचाना, सुनील दनोदा, धर्मवीर, अमन मांडी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** मंच पर मौजूद पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा व ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के आयोजक।

#### विजेता टीम को 21 लाख का मिलेगा पुरस्कार

ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग की चैंपियन टीम को 21 लाख रुपये व रनर अप टीम को 11 लाख का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरिज को एक कार, बेस्ट बेटस्मन व बेस्ट बॉलर को एक-एक मोटरसाइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। ऑल राउंडर प्लेयर, बेस्ट फिल्डर व बेस्ट कैच ऑफ दा टूर्नामेंट रहने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 31 हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा।

#### खिलाड़ियों को मिलेगा मंच : आकाश चोपड़ा

मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने बताया कि ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह लीग ग्रामीण आंचल के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने का मौका है। कहा कि क्रिकेट को भारत में बहुत अधिक प्यार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस लीग में डे-नाइट मुकाबले होंगे। टेनिस बॉल से मैच खेला जाएगा। टेनिस बॉल को लेकर आयोजकों के प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खेल की आत्मा सभी में बस्ती है। यह लीग उनके लिए एक मौका है जिनके मन में कुछ करने की इच्छा है। आकाश चोपड़ा ने युवा खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खेल में अपना बेस्ट दे।

## जिले मे घरेलू एलपीजी की किसी प्रकार की कमी नहीं : डीएफएससी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि जिला में 27 गैस एजेंसी कार्यरत है। इस समय घरेलु एल.पी.जी की रिफिल कीमत 920 रुपए प्रति सिलैंडर है। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं, उपभोक्ता मामले नियन्त्रक नरेश कुमार ने कहा कि जिले मे घरेलु एल.पी.जी की किसी प्रकार की कमी नही है व एजेंसियों पर घरेलू एल.पी.जी का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया जाता है कि वे अफवाहों पर कोई ध्यान ना दें और सम्बन्धित गैस एजेंसी से एल.पी.जी जरूरत अनुसार ले सकतें है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा क्षेत्रीय अमले को भी जरूरी हिदायतें जारी कर दी गई है कि जिला में एल.पी.जी की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित करें और यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था एल.पी.जी की जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### डिस्ट्रिक्ट मंथली अवॉर्ड्स में रोटरी क्लब शाहबाद ने दो महत्वपूर्ण पुरस्कार किए प्राप्त

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 द्वारा दिसंबर माह के लिए घोषित डिस्ट्रिक्ट मंथली अवॉर्ड्स में क्लब को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें पहला पुरस्कार मीडियम क्लब्स (31 से 70 सदस्य) श्रेणी में माह के दौरान सर्वाधिक प्रोजेक्ट करने के लिए प्रदान किया गया, जबकि दूसरा पुरस्कार सबसे नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए मिला। यह पुरस्कार क्लब द्वारा एक सरकारी कन्या विद्यालय में नए शौचालय ब्लॉक के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य के लिए प्रदान किया गया है। डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि यह सम्मान पूरे क्लब के सदस्यों की मेहनत, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा हमेशा से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहा है और आगे भी इसी प्रकार समाज हित में प्रोजेक्ट चलाए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी और अधिक सेवा कार्य करने का संकल्प दोहराया।



## राजस्व कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, लंबित कार्यों का जल्द हो निपटान : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय लाडवा का निरीक्षण

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित व पारदर्शिता के साथ आमजन को राजस्व सेवाएं मुहैया कराना विभाग का दायित्व है, जिसे बखूबी निभाया जाए। इतना ही नहीं कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को पारदर्शी और सरल सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय लाडवा, तहसील कार्यालय लाडवा का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने तहसील के निरीक्षण के दौरान पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, हेल्प डेस्क, राजस्व कोर्ट तथा ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कार्यालयों परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया और साफ-सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित रजिस्टरों और अभिलेखों की स्थिति की समीक्षा की।



## परिवादी समझौते के लिए अधिवक्ता से करवा सकता है केसों का निस्तारण : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च 2026 को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में परिवादी सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते है।

## केयू के छह विद्यार्थी प्रतिष्ठित कंपनी यूनिवर्सल प्रिसिशन स्क्रूज में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे.हर्ष का विषय है कि केयू यूआईईटी संस्थान के 6 विद्यार्थियों को चयन प्रतिष्ठित कंपनी यूनिवर्सल प्रिसिशन स्क्रूज में हुआ है। इस अवसर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी विनिर्माण और तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र विद्यार्थियों को कौशल युक्त कर उन्हें रोजगार प्रदान करने की ओर निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केयू प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता एवं रोजगार केन्द्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर सिंह ने बताया कि केयू द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 20 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों में बीटेक मेकनिकल के 6 विद्यार्थी शामिल हैं जिन्हें 6 लाख रुपए का सालाना पैकेज दिया जाएगा। इस मौके पर केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, यूआईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, केयूसीटीईआई के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. जसविन्दर कुमार ने भी विद्यार्थियों के चयन पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की। इस प्लेसमैंट ड्राइव में डॉ. विशाल अहलावत और मैकेनिकल ब्रांच के प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सुनील ढींगरा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भक्ति से मनुष्य को होता है वैकुण्ठ प्राप्त : शास्त्री

**थानेसर।** बैरागी सभा हरियाणा द्वारा आयोजित सेक्टर-8 के पार्क में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने बताया तुंगभंगा नदी के किनारे के एक गांव था वहां पर आत्म देव नाम का एक ब्राह्मण और उसकी पत्नी धुंधली रहती थी। इस अवसर बैरागी सभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष शिव कुमार बैरागी ने विधि विधिवत भागवत पूजन किया एवं व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। शिव कुमार बैरागी ने कहा कि जहां जहां भागवत कथा होती हैं, उस स्थान पर कलयुग वास नहीं करता। जो मनुष्य भागवत कथा को सुनता हैं, उस मनुष्य को वैकुण्ठ की प्राप्ति होती हैं। कथा को वृद्धि करते हुए अनिल शास्त्री ने कहा आत्म देव तो सज्जन थे, लेकिन उसकी पत्नी दुष्ट प्रवृति की थी। आत्म देव की कोई संतान नहीं हो रहा था। आत्म देव ने बहुत बार आत्महत्या करने की भी कोशिश कि लेकिन सफल नहीं हो पाए, लेकिन एक दिन हताश होकर जंगल की तरफ आत्महत्या करने निकल गए आत्म देव, रास्ते में उन्हें एक ऋषि मिले और फिर आत्म देव ऋषि को अपनी कहानी सुना कर रोने लगे और उपाय पूछने लगे।

## अपहरण, लूट व मारपीट मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने हथियार के बल पर एनआरआई का अपहरण, लूट व मारपीट मामले के एक और आरोपी को शामिल तफ्तीश किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने हथियार के बल पर एनआरआई का अपहरण, लूट व मारपीट मामले के आरोपी सुखदेव सिंह वासी कोटखेरा जिला अमृतसर पंजाब को माननीय अदालत के आदेश से मामले में शामिल तफ्तीश किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 फरवरी को सतविन्द्र सिंह वासी धीन जिला अम्बाला ने बताया कि वह इटली में खेतीबाड़ी का काम करता है तथा उसके पास वहां की नागरिकता है। इस कारण वह कभी-कभी अपने गांव धीन में आता-जाता रहता है। दिंनाक 24 फरवरी को वह इटली से अपने गांव धीन आ रहा था। उसने दिल्ली एयरपोर्ट से अपने गांव धीन के लिए कार बुक की थी। जब वह एनएच-44 धन्तोड़ी के पास आया तो उसके पीछे से आ रही कार ने उसकी कार का रास्ता रोका। जैसे ही उसकी कार रुकी तो 5/6 लडके आए और उसके कार चालक के साथ मारपीट की व उसको कार से नीचे उतारकर हथियार के बल पर अपनी कार में बैठा कर अम्बाला की तरफ चल दिए। इंडियन ऑयल डिपो अम्बाला कैंट के पास पहुंचकर उन लडको ने उसके साथ मारपीट की व उससे नगदी, मोबाईल व सारा सामान लूटकर उसे वहीं छोड़कर मौके से भाग गये।

## समर्थ पहल से मजबूत होगी विद्यार्थियों की नींव उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र में कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समर्थ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिला मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) कक्षाओं में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा (आईएएस) ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही उनके भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। यदि विद्यार्थियों की भाषा और गणित की बुनियादी समझ मजबूत होगी तो वे आगे की पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने शिक्षकों से नई शिक्षण पद्धतियों और गतिविधि आधारित शिक्षा को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ेगी और उनका समग्र विकास संभव होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक स्तर पर बच्चों की पढ़ने-लिखने और समझने की क्षमता को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव हो पा रहा है। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने भी बच्चों की मजबूत नींव को उज्ज्वल भविष्य का आधार बताते हुए शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।






### सात दिवसीय श्रीराम कथा शुरू

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम क्षेत्र में बृहस्पतिवार को श्रीराम कथा के भाव आयोजन का शुभारंभ हुआ। कांवड सेवा दल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ पर शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर नगर का भ्रमण किया। ढोल-बैंड, वेदमंत्रोच्चार के साथ यह यात्रा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। कलश शोभायात्रा को सरस्वती सत्संग सभा के प्रधान सुनील गर्ग व श्री अग्रवाल सभा लाडवा के पूर्व प्रधान दुर्गेश गोयल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यातिथियों ने बाबा बंसी वाले की प्रतिमा व कथा व्यास सीहोर मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध रामकथा मर्मज्ञ पंडित अनिल पाराशर जी का पूजन किया। शोभा यात्रा कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लिया और वेदमंत्रोच्चार के साथ जल लेकर कथा स्थल पर स्थापित किया। शोभायात्रा की अगुवाई मुख्य यजमान विजेंद्र गोयल कृष्णा गोयल दंपति व मुकेश गर्ग व विनय गर्ग दंपति ने रामचरितमानस को सिर पर धारण कर की। शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होकर नगरखेडा पहुंची जहां पूजन कर नगरखेडे को कथा का निमंत्रण दिया गया।

### भगवान अपने भक्त के वश में बहुत जल्दी हो जाते हैं : रवि नंदन शास्त्री

**शाहबाद।** नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में गीता भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे रवि नंदन शास्त्री ने अपने मुखारविंद से आए हुए भक्तों को बताया भगत जिस भाव से भगवान को अर्पण करता है भगवान उससे कई गुना करके अपने भगत को वापस दे देते है।



उन्होंने महाराजा बली का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान विष्णु ब्राह्मण का रूप बनाकर बली से भिक्षा लेने आ गए। उन्होंने भिक्षा में केवल तीन पग दान में धरती के मांगे। बली ब्राह्मण को देने तीन पग धरती के देने के लिए तैयार हो गए। भगवान ने दो पग में उसका पूरा साम्राज्य नाप लिया। तीसरे पग में महाराजा बली ने अपने सर को अर्पण कर दिया। इसके बदले में भगवान ने उसको पूरा पाताल लोक का राज दे दिया और स्वयं उसके चौकीदार बन गए। शास्त्री ने कहा भगवान अपने भक्त के वश में बहुत जल्दी हो जाते हैं। जब भक्त सच्चे भाव से भगवान को बश में करने वाला चाहिए। मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा, वीरेंद्र ठुकराल और प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह भागवत कथा 15 मार्च तक चलेगी 15 मार्च को शिव विवाह का आयोजन होगा। मंच का संचालन विजय शर्मा ने किया।

**कार्यक्रम** कुवि में मास्टरिंग द माइंड पर विशेष व्याख्यान संपन्न, विद्यार्थियों ने सीखे मानसिक एकाग्रता के गुर

# भविष्य की चिंता छोड़ कर्तव्य पर ध्यान दें: प्रो. वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा गुरुवार को सीनेट हॉल में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में मास्टरिंग द माइंड (मन पर विजय) विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के दौर में बढ़ते मानसिक तनाव और प्रतिस्पर्धा के बीच विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह व्याख्यान आयोजित किया गया था।



**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल।

#### मन इंसान की सबसे बड़ी शक्ति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ले. (प्रो.) वीरेंद्र पाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज के समय में मोबाइल और डिजिटल तकनीक ने हमारे जीवन को आसान तो बनाया है, लेकिन इसके कारण हम धीरे-धीरे समाज और अपने आस-पास के लोगों से दूर होते जा रहे हैं। पहले जहाँ लोग आमने-सामने बैठकर बातचीत करते थे, अब वही संवाद मोबाइल स्क्रीन तक सीमित होता जा रहा है। इसका प्रभाव हमारे सामाजिक रिश्तों पर भी पड़ रहा है और कई बार यह मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। मुख्य वक्ता के रूप में ऑरेकल के प्रोजेक्ट लीड आदित्य झा ने कहा कि मन इंसान की सबसे बड़ी शक्ति है। यही मन हमें ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है और यही हमें गिरा भी सकता है। अगर मन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय हो तो असंभव भी संभव हो जाता है। लेकिन यदि मन नकारात्मकता और डर से भर जाए तो आसान रास्ते भी मुश्किल लगने लगते हैं। इसलिए अपने मन को मजबूत, शांत और सकारात्मक रखना ही सफलता की असली कुंजी है। मंच का संचालन डॉ. मीनाक्षी सुहाग ने किया। इस अवसर पर प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. ज्योतिरमा, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. ओपी ठाकुर, डॉ. सलोनी पी दिवान सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।


परिजनों के साथ वर-वधु

# सिर्फ एक रुपये के शगुन में हुई शादी, मिलनी पर दिए फूल
# परिजन बोले-विवाह दो परिवारों का मिलन न कि व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

पपलौथा गांव में एक अनोखी और प्रेरणादायक शादी चर्चा का विषय बनी है । इस विवाह में दहेज प्रथा को पूरी तरह नकारते हुए केवल एक रुपये के शगुन में शादी संपन्न की गई। यह सभी के लिए मिसाल बन गई है। इस पहल को समाज में एक सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। यह शादी गुर्जर समाज में हुई है। दरअसल दहेज के दानवों के कारण कई घर बर्बाद हो रहे हैं। बेटियों के माता-पिता कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। मगर इस परिवार ने साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति हो तो समाज बदला जा सकता है। यह विवाह उन लोगों के लिए एक सीख है जो शानो-शौकत के नाम पर फिजूलखर्ची और दहेज को बढ़ावा देते हैं। बता दें कि यह शादी वीरवार को 23 वर्षीय सचिन कुमार वासी रानीपुर जिला यमुनानगर की शादी पपलौथा गावं की रहने वाली 22 वर्षीय महक के साथ एक निजी पैलेस में हुई । सचिन के पिता रमेश कुमार किसान हैं। उन्होंने बताया कि वो दहेज प्रथा के बिल्कुल खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि बेटी देने से बड़ा कोई दहेज नहीं होता । उन्होंने बताया कि उनके बेटे सचिन का रिश्ता जब हुआ उन्होंने तभी वधु पक्ष को दहेज के लिए न बोल दिया था । सगाई भी बिना कुछ लिए की गई । उन्होंने बताया कि विवाह दो परिवारों का मिलन है न कि व्यापार। जिसके चलते अब शादी में भी शगुन के लिए केवल एक रूपया लेकर शादी की गई है।

### पहले ही मना कर दिया था दहेज

दुल्हन महक के पिता राजेश गुर्जर भी किसान हैं। उन्होंने कहा कि वर पक्ष ने केवल शगुन के एक रूपए में शादी की है। उन्होंने बताया कि लड़का पक्ष ने दहेज के रूप में किसी भी प्रकार का सामान लेने से साफ इनकार कर दिया। पूरे विवाह में सादगी और सामाजिक संदेश को प्राथमिकता दी गई।

### कुप्रथा के खिलाफ मजबूत संदेश

अक्सर सोने की अंगुठी और नकदी से होने वाली मिलनियां भी इस मिसाल बनी शादी में केवल फूलों से की गई। सभी रिश्तेदारों ने आपस में फुल देकर मिलनी प्रथा को बड़े सरल ढंग से संपन्न कराया । इससे पहले दोनों की सगाई भी बिना किसी रुपये के लेन-देन के संपन्न हुई थी। यह शादी समाज में दहेज जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक मजबूत संदेश देती है। सभी रिश्तेदारों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी तरह लोग आगे आएं तो समाज से दहेज प्रथा को खत्म किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र फरीदाबाद द्वारा खंड के गांव फोकसा में किसानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सब्जियों तथा अन्य रबी फसलों में कीटों और रोगों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण प्रबंधन के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान किसानों को फसलों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### नशीले कैप्सूल सप्लायर पुलिस रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी बराड़ा की टीम ने एक आरोपी को 576 अवैध नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान सामने आया था कि आरोपी धर्मबीर वासी बराडा भी इस मामले में संलिप्त है 1 पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मबीर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से 03 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है 1 रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर पता लगाया जाएगा कि कौन कौन से नशा तस्करों से इसके तार जुड़े हैं।

### जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पूर्व राज्यमंत्री के समक्ष रखीं समस्याएं
# कांवला डेयरी कांप्लेक्स में जल्द बिजली के खंभे लगवाने की मांग

अधिकारियों को समस्याओं का जल्द हल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सभी की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि लोगों द्वारा विकास कार्यो से सम्बंधित जो कार्य बताए गए है उन्हें भी चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में भी निंरतरता में विकास कार्यों की ब्यार बह रही है। आगे भी विकास कार्यों को निंरतरता मे करवाते हुए अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र को और सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अम्बाला शहर भरत कालोनी से आए लोगों ने पानी की निकासी की व्यवस्था करवाने बारे, अम्बाला शहर के एक व्यक्ति ने कांवला डेयरी कांप्लेक्स में बिजली के खंभे लगवाने बारे, कांशीनगर से आए लोगों ने नालियां व अन्य निर्माण कार्य करवाने बारे तथा अन्य प्रार्थियों ने अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करवाने बारे पूर्व राज्यमंत्री राज्यमंत्री के समक्ष रखा। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और कुछ समस्याओं बारे उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को फोन कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अति शीघ्र समाधान किए जाने बारे कहा।


अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा। इस मौके पर मार्किट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, निजी सचिव सौरभ गुप्ता, भाजपा पदाधिकारी हितेष जैन, संजीव गोयल टोनी, राजेश मेहत्ता, मुकेश शर्मा, चंद्रमोहन फौजी, दर्शन सिंह सौंडा, अजय चावला भी मौजूद रहे।


शहजादपुर। शिविर में आंखें चेक करवाते मिल कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### दस मरीजों को फ्री चश्में प्रदान किए
# 87 शुगर मिल कर्मचारियों ने करवाई आंखों की जांच

- कुछ मरीजों को अस्पताल से तुरंत संपर्क का परामर्श दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

श्री सनातन धर्म महावीर दल के सहयोग से मोबाइल नेत्र चिकित्सालय वाहन में शुगर मिल बनौंदी में कर्मचारियों के लिए लगाए गए नेत्र जांच शिविर में 87 लोगों ने अपनी आंखें चेक करवाई। दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में चिह्नित कुछ लोगों को गहन जांच के लिए कपिल आई अस्पताल से तुरंत संपर्क बनाने का परामर्श दिया गया। उन्होने बताया कि शिविर में आए लोगों को दवाई व चश्में के नंबर तथा 10 लोगों को चश्में निशुल्क प्रदान किए गए।इस शिविर में सक्षम की ओर से सक्षम, उपाध्यक्ष कृष्ण लाल गुलाटी, सोनू और रमन रावत ने अपनी सेवाएं प्रदान की । इस अवसर पर शूगर मिल के एचओडी लोकेंद्र सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राज्यपाल के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर
# पूर्व मंत्री ने रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर,मेडल पहनाकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के जन्मदिवस के अवसर पर वीरवार को अंबाला शहर में एकम न्यास संस्था और पूजा कांप्लेक्स द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर तथा मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। असीम गोयल ने कहा कि अंबाला शहर हमेशा से समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। यहां के लोग बढ़-चढ़कर ऐसे सेवा कार्यों में भाग लेते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने इस सराहनीय आयोजन के लिए एकम न्यास संस्था और पूजा कांप्लेक्स के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।


अंबाला। शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

### पंजाब का शातिर अपराधी गिरफ्तार

**अंबाला।** अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अंबाला पुलिस की सीआईए-2 ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने विदेश भाग चुके शातिर अपराधी पंजाब के सतिंदर को आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली से काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी सतिंदर दो अलग-अलग मुकदमों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था । अंबाला छावनी के पिरामिड होटल गोलीकांड में पुलिस को इस अपराधी की तलाश थी। आरोप है कि उसने 2018 में होटल कर्मचारियों पर गोलियां चलाने और हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को 1 मार्च 2024 को कोर्ट ने पीओ घोषित किया था। वर्ष 2018 में ही जेल के अंदर मारपीट के एक मामले में आरोपी को 26 अक्टूबर 2023 को भगोड़ा घोषित किया गया था। आरोपी अपराध करने के बाद आरोपी विदेश भाग गया था।

### जल्द स्वस्थ होने की कामना की
# परिवहन मंत्री अनिल विज का पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा और कई विधायकों ने हालचाल जाना

- गुजरात ज्यूडिशरी में नवनियुक्त जज रिया गोयल ने भी मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से वीरवार को उनके आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनका हालचाल जाना। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस बीच दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के साथ बादली (झज्जर) विधायक कुलदीप वत्स, अंबाला शहर विधायक निर्मल सिंह और फतेहाबाद विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया एवं अन्य भी मौजूद रहे। मंत्री अनिल विज से साइंस इंडस्ट्री, रोटरी अस्पताल और हरियाणा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से वरिष्ठ सीए एडी गांधी, उद्योगपति डॉ. आशावंत, कमलजीत जैन, सीए संजय लाल, अश्विनी गोयल, पुनीत गुप्ता, प्रो. केके जैन, सुरेश धीमान, सुभाष बंसल सहित अन्य ने उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों से आए नन्हें बच्चों ने भी ऊर्जा मंत्री अनिल विज का हालचाल जानते हुए उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की।
इसके अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री का हालचाल जाना। ऊर्जा मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर गुजरात ज्यूडिशरी में नवनियुक्त जज रिया गोयल ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री विज ने रिया गोयल को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंबाला की बेटियां बुलंदियों को छू रही हैं। अपने शहर का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता रवि बुद्धिराजा सहित रिया के परिजन भी उपस्थित रहे।


अंबाला। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए।

### चरस मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर 13 दिसंबर 2025 को कार्रवाई करते थाना सेक्टर-9 शहर क्षेत्र लक्ष्मी विहार जंडली शहर से महिला आरोपिया से 1 किलो 635 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद की गई थी। एएनसी सैल की टीम ने निरीक्षक्र. ऋषिपाल के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए 11 मार्च 2026 को मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी कुलदीप कुमार वासी लक्ष्मी विहार जंडली थाना सेक्टर-9 से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला दिव्या हिमाचल की रहने वाली है जिसकी 2002 में फरीदाबाद में शादी हुई थी। उसके बाद उसका वहां से तलाक हो गया और तलाक के बाद 2021 से कुलदीप सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में लक्ष्मी नगर जंडली में रह रही थी। कुलदीप उर्फ गोल्डी जो इसका पति है वह टूर एंड ट्रैवल्स का काम करता है।

**साक्षरता** जिले को निरक्षरता के अभिशाप से मुक्त करने के लिए जिला शिक्षा विभाग प्रयासरत

# उल्लास कार्यक्रम के तहत चौथे चरण की परीक्षा 15 को होगी

अंबाला जिले से 12256 लर्नर देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले से निरक्षरता के अंधकार को समाप्त कर पूर्ण साक्षरता की ओर बढ़ने के संकल्प के साथ उल्लास कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिले को निरक्षरता के अभिशाप से मुक्त करने हेतु सम्पूर्ण जिला शिक्षा विभाग प्रयासरत है। निरक्षरों के पंजीकरण एवं लोगों को जागरूक करने हेतु लम्बे समय से शहर के हर गाँव, गली, मोहल्ले में सर्वे कर के उल्लास पोर्टल पर इन को पंजीकृत करने एवं स्वयंसेवी शिक्षकों को टैग किये जाने एवं पंजीकृत निरक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाने का कार्य निरंतर चल रहा है। पंजीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है। आज तक कुल 30400 निरक्षरों को उल्लास लर्नर के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। अभी तक कुल तीन बार यह परीक्षा आयोजित हो चुकी है, जिस में कुल 16548 लर्नर यह परीक्षा दे चुके हैं और 15686 इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर साक्षर बन चुके हैं। प्रदेश में उल्लास कार्यकृम के तहत चोथे चरण की परीक्षा इस रविवार 15 मार्च 2026 को होने जा रही है, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 12256 उल्लास लर्नर्स के इस परीक्षा में भाग लेने की आशा है। जिले के कुल 762 राजकीय विद्यालयों में से लगभग 450 राजकीय विद्यालयों में इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु सामाजिक जन चेतना केंद्र/परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए हैं, ताकि सभी उल्लास लर्नर्स को उनके निवास के निकट ही परीक्षा केंद्र मिल पाए और उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में कोई परेशानी ना हो। स्वयंसेवी शिक्षकों को भी इन लर्नर्स को परीक्षा केंद्र तक पहुँचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बारे जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा बाकायदा खंड शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों की ऑनलाइन बैठक लेकर परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। उनके निर्देशों के उपरांत शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा शपथ लेकर, रैली निकाल कर और निमंत्रण पत्र के माध्यम से उल्लास लर्नर्स को परीक्षा देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



### यहां होगी परीक्षा

| खंड | परीक्षा केंद्र | परीक्षा देने वाले लर्नर |
|---|---|---|
| अम्बाला-1 | 125 | 2452 |
| अम्बाला-2 | 65 | 2438 |
| बराडा | 72 | 1802 |
| नारायणगढ | 68 | 2376 |
| साहा | 62 | 1651 |
| शहजादपुर | 64 | 1537 |
| कुल : | 456 | 12256 |

### सभी निरक्षरों को साक्षर बनाकर देश को विकसित बनाने में दे योगदानः डीइओ

सुधीर कालड़ा ने स्पष्ट शब्दों में अनेकों बार यह संदेश भी दिया कि देश के माननीय प्रधानमंत्री जी के वर्ष 2047 में देश को विकसित भारत बनाने के सपने को पूरा करने हेतु निरक्षरों को साक्षर बना कर सभी अपना योगदान दें। श्री कालड़ा ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के माध्यम से जिले में निरक्षरता का अंधकार तेजी से मिटता नजर आ रहा है और साक्षरता का उजाला फैल रहा है। उन्होंने बताया कि इस 15 मार्च को होने वाली उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत एफएलएनएटी परीक्षा में सभी पंजीकृत निरक्षरों को परीक्षा दिलवाना एवं साक्षर बनाना विभाग का प्रमुख लक्ष्य है।

### परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

जिला उल्लास समन्वयक एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने जानकारी दी कि चौथे चरण की उल्लास परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालय प्रमुखों की मीटिंग ली जा चुकी है और सभी दिशा निर्देशो को स्पष्ट रूप से बताया जा चुका है और पत्र भी जारी किए जा चुके है। सभी खंडों से नोडल अधिकारियों एवं टेक्निकल व्यक्तियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। लिखित परीक्षा हेतु एवं अन्य कार्यों के लिए गाइड मॉड्यूल एवं वीडियो भी सांझा किए जा चुके है। इस परीक्षा हेतु आज ही खंड शिक्षा अधिकारी को सभी प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका, पंजीकरण फॉर्म, निरक्षर हेतु नीले और पेपर चेक करने हेतु लाल पेन भी दिए जा चुके है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस परीक्षा के सफ़ल आयोजन हेतु जिला मॉनिटरिंग टीम का गठन भी किया गया है, जिस में जिला शिक्षा अधिकारी स्वयं, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कम डाइट प्रधानाचार्य, जिला प्रोजेक्ट समन्वयक, उपजिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला गणित विशेषज्ञ सभी शामिल हैं।